# और निवेश करेगी सिंगापुर की कंपनी



**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** सीएम योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर सिंगापुर की इंटीग्रेटेड कंटेनर लॉजिस्टिक्स कंपनी एपी मोलर माएर्स्क के एमडी रीन पील पेडरसन ने मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने प्रदेश में लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर भी विस्तार से बात की। सीएम ने कहा कि यूपी आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में शामिल है और यहां निवेशकों के लिए सुरक्षित, स्थिर और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि कंपनी पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से इस राज्य में निवेश कर रही है। प्रदेश में कंपनी अपना और विस्तार करेगी।